# सड़क हादसों में दो भाई सहित चार की मौत

## चार गंभीर रूप से घायल, पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज जांच की शुरू

- नेशनल हाइवे 152डी तथा जींद-रोहतक नेशनल हाइवे पर हुए हादसे
- बाइक पर खेत से पानी लेने जा रहे थे बाइक सवार दोनों भाई



सुरेंद्र कुमार

**जींद, (जगमार्ग न्यूज)।** जिले में नेशनल हाइवे 152डी तथा जींद-रोहतक नेशनल हाइवे पर अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। जबकि चार लोग घायल हो गए। जिसमें दो की गंभीर हालात देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। जुलाना थाना पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायत पर फरार वाहन चालकों के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शादी से लौट रहे लोगों की कार ट्रक टकराई, महिला की मौत, चार घायल झुंझनू (राजस्थान) निवासी नंदलाल अपने परिवार के साथ पंचकूला शादी में शामिल हो कर गाड़ी में सवार होकर नेशनल हाइवे 152डी में घर लौट रहा था। गांव भैरवखेड़ा के निकट अचानक तेज रफ्तार ट्रक ने ब्रेक लगा दिए। जिससे उनकी कार ट्रक के पीछे टकरा गई। जिसमें नंदलाल, उसकी पत्नी रूकमणी, उसकी पौती नेहा तथा पलक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने चारों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने रूकमणी को मृत घोषित कर दिया। जबकि नंदलाल तथा पलक की गंभीर हालात देखते हुए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। घटना को अंजाम देकर ट्रक चालक फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने कार के चालक सुनील की शिकायत पर फरार ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जुलाना मंडी से लौट रहे किसान की बाइक को गाड़ी ने मारी टक्कर, मौत

गांव गतौली निवासी कृष्ण बीती रात जुलाना मंडी में गेहूं डालने गया हुआ था। देर रात को जब वह बाइक से घर लौट रहा था तो जींद-रोहतक नेशनल हाइवे पर जैजवंती गौशाला के निकट सामने से आ रही टाटा एस गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें कृष्ण गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक अपनी गाड़ी को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। गंभीर हालात में कृष्ण को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतक के बेटे सुरेंद्र की शिकायत पर फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर है। जुलाना थाना प्रभारी नवीन मोर ने बताया कि सड़क हादसो में दो लोगो की मौत हुई। शवों के पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिए गए हैं। मृतकों के परिजनों की शिक ायतों पर फरार वाहन चालको के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, बाइक सवार दो भाइयों की मौत

गांव उचानाखुर्द में बाइक पर पीने का पानी लेने जा रहे बाइक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दो भाइयों की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर कार चालक मौके से फरार हो गया। उचाना थाना पुलिस ने फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव उचानाखुर्द निवासी कृष्ण कुमार (55) तथा उसका छोटा भाई कर्ण सिंह (50) बीती देर शाम को बाइक पर सवार होकर पीने का पानी लेने के लिए दरौली रोड पर खेत में जा रहे थे। उसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर कार चालक मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने दोनों भाइयों को नागरिक अस्पताल उचाना पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने दोनों भाइयो को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। उचाना थाना पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का नागरिक अस्पातल नरवाना में पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मृतक कृष्ण के बेटे लोकेश की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक कृष्ण तथा उसका छोटा भाई कर्ण सिंह दोनों खेतीबाड़ी करते थे। दो भाइयों में प्यार भी बहुत ज्यादा था। अक्सर दोनों इकट्ठे रहते थे। बीती देर शाम दोनों भाई बाइक पर खेत से पीने का पानी लेने जा रहे थे। सड़क हादसे ने दोनों की जान ले ली। ग्रामीणों को हादसे के बारे में पता चला तो गांव में मातम पसर गया। शुक्रवार को दोनों भाइयों को अगल-बगल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक कृष्ण का बड़ा बेटा रूपेश आर्मी में कार्यरत है। छोटा बेटा लोकेश बीए में पढ़ रहा है। जबकि मृतक कर्ण के एक पुत्र रितेश है। उचाना थाना के जांच अधिकारी आजाद सिंह ने बताया कि दोनों भाई खेत से बाइक पर पानी लेने जा रहे थे। सामने से आ रही कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें दोनों भाइयो की मौत हो गई। कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# दंपति को कनाडा व बेटे को अमेरिका भेजने के नाम पर 44 लाख रुपए की धोखाधड़ी

- मामले में दंपति सहित पुत्र-पुत्री के खिलाफ मामला दर्ज

जगमार्ग न्यूज

**पिहोवा।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने फौजी प्लाट निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसे व उसकी पत्नी को कनाडा व बेटे को अमेरिका भेजने के नाम पर 44 लाख 75 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में दंपति सहित उनके पुत्र पुत्री के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस में दर्ज शिकायत में पीड़ित व्यक्ति राम सिंह ने कहा कि वह अपनी पत्नी के साथ कनाडा व उसका बेटा अमेरिका जाना चाहते थे। इसी दौरान उसके जानकर ने उन्हें बताया कि जालंधर निवासी दंपति सुच्चा सिंह व कुलदीप कौर विदेश भेजने का काम करते हैं। वर्ष 2022 में वह अपने जानकर के कहने पर दंपति एजेंट सुच्चा सिंह उर्फ हैप्पी व कुलदीप कौर से लुधियाना के एक होटल में मिला था। जहां पर उनका बेटा दिलप्रीत ढिल्लो व बेटी यशराज कौर भी मौजूद थी। उस समय उन्होंने बताया था कि उनका सारा परिवार




विदेश भेजने का काम करता है। उस समय उक्त एजेंटों ने उन्हें व उसके बेटे हरनुर को अमेरिका भेजने के नाम पर 57 लाख रुपए की मांग की थी।

शिकायतकर्ता अनुसार उक्त लोगों ने जून 2022 से मार्च 2023 तक अलग-अलग दिनों में उससे करीब साढ़े 33 लाख रुपए ऑन लाइन व 17 लाख रुपए नगद ले लिए थे। मार्च 2023 में एजेंट सुच्चा सिंह व उसके परिवार के सदस्यों ने उसके बेटे हरनुर को अमेरिका न भेज कर उसे मैक्सिको व ग्वाटेमाला से ही वापिस भारत आ गया था। उसके बाद जब एजेंटों ने उसके बेटे को अमेरिका नही भिजवाया तो उसका बेटा अपने स्तर पर विदेश चला गया था। जब उसने एजेंट से अपने रुपए वापिस मांगे तो उन्होंने कहा कि वे उसके बेटे की एवज में उसे व उसकी पत्नी को कनाडा भिजवा दूंगा। शिकायतकर्ता अनुसार उक्त एजेंटो ने बकाया राशि 6 लाख 25 हजार रुपए अगस्त 2023 में ले लिए। उसके बाद उक्त एजेंटो ने उनकी कनाडा की फाइल लगाई थी। जो सितम्बर 2023 को वीजा फाइल रिफ्यूज हो गई थी। जब उसने उक्त एजेंटों से अपनी राशि वापिस मांगी तो उन्होंने अलग-अलग समय में करीब 12 लाख रुपए लौटा दिए थे। बकाया राशि करीब 44 लाख 75 हजार जल्द देने की बात कही थी। लेकिन उक्त एजेंटों ने उनकी बकाया राशि नही दी। उल्टा उन्हें धमकी दी कि अगर उसने दोबारा उनसे रुपयों की मांग की तो वे उन्हें जान से मरवा देंगे। तंग आकर उसने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। जिनके आदेश पर शहरी पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति राम सिंह की शिकायत पर एजेंट सुच्चा सिंह उर्फ हैप्पी, कुलदीप कौर,दिलप्रीत ढिल्लो व यशराज कौर के खिलाफ भादस की धारा 120 बी,406,420 व 10-24 इमीग्रेशन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जजपा संगठन को मजबूत बनाने में महिलाओं का रहा विशेष योगदान: डॉ. अजय सिंह चौटाला

- पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने महिला उत्थान में करवाई अनेकों योजनाएं लागू: निर्मला परमार

जगबीर घणघस

**भिवानी, (जगमार्ग न्यूज)।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि जजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के प्रति कर्तव्यनिष्ठा एवं लग्नशील है, जिसके चलते आज जजपा का संगठन अन्य राजनीतिक दलों के मुकाबले बहुत अधिक मजबूत है।

उन्होंने कहा कि जजपा को मजबूत बनाने में महिला कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान है। डॉ. अजय सिंह चौटाला वीरवार देर सायं गांव रिवाड़ीखेड़ा में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इसके उपरांत डॉ. अजय



चौटाला जजपा की महिला प्रदेश महासचिव निर्मला परमार रिवाड़ीखेड़ा के निवास पर भी पहुंचे तथा वहां कार्यकर्ताओं से बातचीत की। इस मौके पर डा. अजय सिंह चौटाला ने कहा कि जिस प्रकार से पिछले विधानसभा चुनाव में जजपा ने 10 सीटों पर जीत हासिल कर सत्ता में सहभागिता सुनिश्चित की। उसी प्रकार से अबकी बार भी कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं एकजुटता के दम पर जजपा आगामी चुनाव में जीत दर्ज करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार में भागीदारी बनकर जजपा ने पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में महिलाओं के उत्थान एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में अनेक योजनाएं लागू करवाई, जिसका फायदा आज प्रदेश की महिलाएं उठा रही है। इस दौरान उन्होंने जजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर जजपा की महिला प्रदेश महासचिव निर्मला परमार रिवाड़ीखेड़ा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी अहम होगी। उन्होंने कहा कि जजपा की नीतियों और पार्टी द्वारा जनहित में करवाए गए कार्यो को आमजन तक पहुंचाने में वे कोई कसर नहीं छोड़ेंगी तथा अधिक से अधिक महिलाओं तक पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा महिला हित में लागू की गई योजनाओं की जानकारी पहुंचाएंगी, ताकि जजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाया जा सकें।

# संस्कृति संरक्षण के क्षेत्र में पूरे भारत में बनी पहचान: प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा

- जगजीत सिंह की याद में वॉयस ऑफ केयूके वसुंधरा बनी विजेता




जगमार्ग न्यूज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से केयू ऑडिटोरियम में गुरुवार सायं 6 बजे गजल सम्राट जगजीत सिंह की याद में वॉयस ऑफ केयूके सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कुवि की सांस्कृतिक उपलब्धियों के लिए कलाकारों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। वॉयस ऑफ केयूके में वसुंधरा ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा रहे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश भर के 1 हजार से अधिक विश्वविद्यालयों में तीसरे स्थान पर रहा है, जबकि सरकारी विश्वविद्यालयों में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रथम स्थान है। इस उपलब्धि के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह विभाग क्लबों के माध्यम से विश्वविद्यालय के छात्रों को जहां एक ओर मंच प्रदान करेगा वहीं पर दूसरी ओर इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को रोजगार के नये अवसर प्राप्त होंगे। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि गजल सम्राट जगजीत सिंह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं। उनकी याद में हर वर्ष वॉयस ऑफ केयूके का आयोजन किया गया जिसमें 31 हजार रुपये के पुरस्कार विजेता कलाकारों को वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि दूसरे स्थान पर संगीत विभाग के विनीत कुमार, तीसरे स्थान पर आर्य पी.जी. कॉलेज पानीपत की शीतल, चौथे स्थान पर संगीत विभाग के अर्णव, पांचवें स्थान पर जी.एन.जी. कॉलेज यमुनानगर की विद्यार्थी कंवलजीत रही।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया असंध हलके के बूथों का निरीक्षण

रोहताश वर्मा

**असंध,(जगमार्ग न्यूज)।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने आज असंध हलके के गांव चोचड़ा, राहड़ा, बल्ला और बाल राजपूतान के सरकारी स्कूलों में बनाए गए मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उनके साथ पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण भी थे। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने ग्रामीणों से कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। चुनाव को एक उत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। हर पात्र व्यक्ति को निर्भीक होकर मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास कोई असलहा वगैरह है तो उसे फौरन पुलिस के पास जमा करा देना चाहिए। उत्तम सिंह ने चुनाव के दौरान गांवों में भाईचारा बनाये रखने की भी अपील



की। साथ ही कहा कि यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से शराब आदि बेचने अथवा अन्य गैर कानूनी गतिविधियों को अंजाम दे रहा हो तो फौरन उसकी सूचना पुलिस को दें। यदि किसी पात्र व्यक्ति ने अभी तक वोट नहीं बनवाई है तो वह 6 मई तक निर्धारित फार्म भरकर बनवा सकता है। जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए वचनबद्ध है। जिला प्रशासन की ओर से गांव चोचड़ा में 6, राहड़ा में 8, बल्ला में 11 और बाल राजपूतान में 6 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें बिजली-पानी, फर्नीचर, प्रवेश व निकास द्वार जैसी मूलभूत सुविधाओं को जांचा।

# किसानों को अंग्रेजों ने भी इतना नहीं सताया जितना भाजपा ने सताया : डॉ. सुशील गुप्ता

- 'इंडिया' गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता की गुहला चीका के गांवों में बैठक

जगमार्ग न्यूज

**गुहला/कैथल।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने शुक्रवार को गुहला चीका विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा शुरू की।

इस मौके पर पूर्व विधायक चौ. दिल्लू राम, पूर्व विधायक बूटा सिंह, नरेश ढांडा, पवन जगत, गज्जन सिंह, राकेश खानपुर, मास्टर जितेंद्र खेड़ी, दिलबाग सिंह पटवारी, मेजर



सिंह, मोहिंद्र सिंह, सरपंच लवजिंद्र, साहब सिंह और कुलभूषण शर्मा मौजूद रहे।

उन्होंने अपनी चुनावी यात्रा गांव अटेला से शुरू की। इसके बाद वे गांव धर्मपुरा में लोगों से मिले। वहां से लैंडर पीरजादा में ग्रामीणों से रूबरू हुए। इसके बाद गांव अंधली में पहुंचे। यहां से गांव पिसौल पक्की, लदाना चक्कू, मस्तगढ़, माजरी, कसौर, तारांवाली, रामथली और खरकां में लोगों को संबोधित किया और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया और 'इंडिया' गठबंधन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूरा देश भाजपा के जुल्म को झेल रहा है। आजादी के बाद देश के किसान को इतना सताया गया जितना अंग्रेजों ने भी नहीं सताया था। वो जुल्म, गंदी भाषा का प्रयोग, मुकदमे, संपति और बैंक खाते सील करने की धमकियां दी गई। भाजपा दिल्ली और पंजाब के बॉर्डर को हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बॉर्डर की तरह तब्दील कर दिया। देश की पहलवान बेटियों को एफआईआर लिखवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक जाना पड़ा। इसके बावजूद उनको आजतक इंसाफ नहीं मिला। किसानों पर गाड़ी चढ़ाने वाले को टिकट दी जाती है। हरियाणा में लगातार अपराध, नशा और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है।

# अगर जनता के बीच रहते थे तो न पल्लेदारी करनी पड़ती न मजदूरी: अभय चौटाला

रविंद्र सैनी

**रादौर, (जगमार्ग न्यूज)।** इनेलो के प्रधान महासचिव व कुरुक्षेत्र लोकसभा प्रत्याशी अभय चौटाला ने गांव खजूरी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी दलों के प्रत्याशियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यहां उनके सामने दो प्रत्याशी मैदान में है। दोनों ही कभी जनता के बीच नहीं आए। अब एक को पल्लेदारी करनी पड़ रही है तो दूसरे को गेहूं कटाई का मजदूर। अगर वह पहले जनता के बीच आए होते तो उन्हें यह सब दिखावा करने की नौबत नहीं आती। दोनों की जनता पर थोपे गए उम्मीदवार है। नवीन जिंदल को ईडी का डर दिखाकर चुनाव मैदान में उतारा गया है। उन्होंने कटाक्ष किया कि नवीन व्यापारी आदमी है इसलिए डर गया और भाजपा में शामिल हो गया। वह



कोई दिलबाग सिंह थोड़ी है जो अड़ जाता। ईडी का डर तो पूर्व विधायक दिलबाग सिंह को भी दिखाया गया था। लेकिन वह अडिग रहे और सच्चाई की जीत हुई। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों से सत्ता में रही भाजपा के नेताओं के पास विकास में नाम पर बोलने के लिए कुछ नहीं है। उनके नेता जहां भी जाते है केवल मोदी की गारंटी की बात ही कहते है। उसी गारंटी पर वोट मांग रहे है। लेकिन अब जनता को उनकी गारंटी पर विश्वास नहीं है। इस प्रकार की गारंटी तो 2014 में भी दी गई थी।

# लोक कलाकार महावीर गुड्डू का सम्मान हरियाणा के समस्त कलाकारों का सम्मान: नीरज सेठी

- लोक कलाकार महावीर गुड्डू को पद्मश्री सम्मान मिलने पर न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के कलाकारों ने दी बधाई

बाबू राम तुषार

**कुरुक्षेत्र, (जगमार्ग न्यूज)।** कुरुक्षेत्र में रंगमंच के लिए सक्रिय न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के अध्यक्ष नीरज सेठी ने कहा कि प्रदेश में कला के क्षेत्र में पहला पद्मश्री पुरस्कार आना समस्त कलाकारों के लिए गौरव की बात है। लोक कलाकार महावीर गुड्डू का सम्मान हरियाणा के सभी कलाकारों का सम्मान है।

महावीर गुड्डू की कला के प्रति तपस्या और समर्पण के कारण उन्हें पद्मश्री सम्मान से नवाजा जाना युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी रहेगा। उन्होंने हरियाणा के सफीदों निवासी लोक



कलाकार महावीर गुड्डू को पद्मश्री सम्मान मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्मश्री पुरस्कार हासिल करने वाले महावीर गुड्डू गांव गांगोली में एक सामान्य परिवार में जन्मे और शिक्षा-दीक्षा के बाद वे प्राध्यापक बने। 1972 में उन्होंने हरियाणवीं कला के क्षेत्र में अपना पहला कदम रखा था। पद्मश्री पुरस्कार से पूर्व महावीर गुड्डू पंडित लखमीचंद राज्य पुरस्कार, हरियाणा कला रत्न अवॉर्ड, पंडित लखमीचंद शिक्षा एवं संस्कृति पुरस्कार के साथ-साथ संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किए जा चुके हैं। इसके अलावा वे लंदन इंडियन हाई कमीशन, हाउस ऑफ लॉर्ड, अमेरिका व नार्वे में भी पुरस्कृत हो चुके हैं। इतना ही नहीं कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी ने उन्हें पीएचडी की मानद उपाधि से नवाजा है। हरियाणा कला परिषद के हिसार मंडल में अतिरिक्त निदेशक के पद पर रहते हुए भी महावीर गुड्डू ने निरंतर कलाकारों को मंच देकर कला की सेवा में भरपूर योगदान दिया। न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के कलाकार शिवकुमार किरमच, नरेश सागवाल, अमरदीप जांगड़ा, चंचल शर्मा, गौरव दीपक जांगड़ा, राजीव कुमार, निकिता शर्मा, मनू महक माल्यान, साहिल खान, निखिल पारचा, साजन कालड़ा, अनूप कुमार, आकाशदीप, पार्थ शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, सुनैना, सागर, अनुराग आदि ने भी महावीर गुड्डू को बधाई दी।

कार्यक्रम

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करनाल में आयोजित कई कार्यक्रम में की शिरकत

# विकसित राष्ट्र बनाने के साथ भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रहे पीएम मोदी: नायब सिंह सैनी

- कहा: प्रदेश के साथ करनाल की जनता की सेवा के लिए हर समय रहेंगे तत्पर



मनोज ठाकुर

**करनाल, (जगमार्ग न्यूज)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा तेजी से देश का विकास कर रही है।

प्रधानमंत्री भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के साथ भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 400 पार करवाकर एक बार फिर देश की कमान सौंपेगी ताकि हमारा देश आगे बढ़े। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संसदीय चुनाव में 400 सीटों पर कमल खिलेगा।

केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। करनाल में भी कमल खिलेगा और करनाल में विकास निरंतर जारी रहेगा। इसी तरह से हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को करनाल में कई कार्यक्रमों में शिरकत की।

उन्होंने करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल व उप चुनाव में भाजपा के लिए वोट की अपील की। लाइनपार क्षेत्र रामनगर में मोहित सचदेवा के मोहित पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने जोरदार स्वागत किया। जनसभा में मौजूद सभी लोगों ने एकजुट होकर कहा कि वह करनाल विधानसभा से प्रत्याशी एवं मुख्यमंत्री नायब सैनी जी को एवं लोकसभा से मनोहर लाल को भारी मतो से विजयी बनाएंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करोड़ों जरूरतमंदों को राशन देने का काम किया है। अयोध्या में भगवान रामलला का मंदिर बनाकर पांच सदियों के स्वप्न को साकार किया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैरिट के आधार पर बिना खर्ची और बिना पर्ची के युवाओं को नौकरियां दी जा रही हैं। नौकरी में कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है, नौकरी युवाओं को योग्यता के आधार पर मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में साथ देगी और हरियाणा प्रदेश की सभी 10 सीटों पर भाजपा की प्रचंड जीत होगी। करनाल लोकसभा चुनाव में मनोहर लाल एक बड़ी जीत दर्ज करेंगे। करनाल विधानसभा उप चुनाव में भी कमल खिलेगा। इस अवसर पर विधायक हरविंद्र कल्याण, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, शशिपाल मेहता, जगमोहन आनंद, संजय बठला, अमर ठक्कर, राजेश अग्घी सहित अन्य मौजूद रहे।

### चुनाव कार्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री

प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उपचुनाव के भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी अपने करनाल प्रवास के दौरान रेलवे रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में करनाल विधानसभा उप-चुनाव के भाजपा कार्यालय में पहुंचे। पार्टी कार्यालय में पहुंचने पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको एकजुट होकर लोकसभा चुनाव ओर विधानसभा उप-चुनाव में भाजपा को विजयी बनाना है।

# कुवि कुलपति से जापान के टोक्यो विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. ताकाहिरो काटो ने की मुलाकात

जगमार्ग न्यूज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा से जापान के टोक्यो विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. ताकाहिरो काटो ने मुलाकात की। डॉ. ताकाहिरो काटो ने बताया कि टोक्यो विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकॉग्निशन (ओसीआर) परियोजना पर काम कर रहे हैं। डॉ. ताकाहिरो काटो ने कहा कि ओसीआर तकनीक द्वारा संस्कृत के वर्णो को पढने की विधि को पूर्ण रूप लागू करने व उपयोग में लाने विश्वविद्यालय में आए हैं। वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संस्कृत, पालि एवं प्राकृत विभाग के संकाय सदस्यों से इस सदंर्भ में बात करने आए हैं ताकि कम्प्यूटर संस्कृत के वर्णमाला, व्याकरण व वाक्यों की संरचना को पहचान पाएं और इस



परियोजना का उद्देश्य वेद, पुराण, उपनिषद, गीता आदि सहित संस्कृत ग्रंथों के विशाल संग्रह को डिजिटल बनाना और दुनिया भर के विद्वानों और शोधकर्ताओं के लिए सुलभ बनाना है। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की शुरुआत संस्कृत विश्वविद्यालय के रूप में हुई थी। बहु-संकाय विश्वविद्यालय के रूप में बदलते हुए आज विश्वविद्यालय ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। वर्तमान में विश्वविद्यालय के 10 संकायों में कुल 49 विभाग हैं जो व्यावसायिक और पारंपरिक पाठ्यक्रमों का मिश्रण प्रदान करते हैं।

जगमार्ग प्रा. लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक रमेश चंद सिंघल द्वारा शॉप नंबर 25, मलिक सिंह कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 17, कुरुक्षेत्र से प्रकाशित एवं इंप्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लि., प्लाट नं. 22, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, पंचकूला से मुद्रित। फोनः 0172-4014331 *सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र कुरुक्षेत्र होगा। आरएनआई नंबरः HARHIN/2013/49361, Postal Regd KKR/174/2024-2026